एक नजर में

## महामंगलकारी पैंसठिया छंद जाप अनुष्ठान सम्पन्न



इंदौर. एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में चातुर्मास हेतु विराजित अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ कुमुदलताजी महाराज साहेब के पावन सान्निध्य में गुरुवार को महामंगलकारी पैसठिया छन्द अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पैंसठिया छंद卐 अनुष्ठान में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया. अनुष्ठान के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए. महासती कुमुदलता महाराज ने कहा कि ऐसे मंगलकारी अनुष्ठान व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं. नियमित धर्म आराधना से आत्मबल बढ़ता है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं. इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए दैनिक नियम पत्रक का विमोचन डीपीन जैन, रमेश भण्डारी, प्रकाश भटेवरा, अशोक मंडलीक, हंस कुमार जैन, समरथ मल कोठारी, टी सी जैन, हनुमान प्रसाद पोरवाल आदि द्वारा किया गया. जिनेश्वर जैन ने बताया कि इस पत्रक के माध्यम से श्रद्धालु अपने दैनिक धार्मिक नियमों का पालन सुगमता से कर सकेंगे. श्रद्धालुओं ने पत्रक को बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया. चातुर्मास समिति ने घोषणा की कि शुक्रवार से मां पद्मावती देवी की एकासन आराधना का शुभारंभ होगा. यह आराधना लगातार 16 शुक्रवार तक चलेगी। श्रद्धालु इस आराधना में भाग लेकर पुण्य अर्जन कर सकेंगे. अनुष्ठान के लाभार्थी सुभाष शैलजा सुराना परिवार, जानकी नगर, इंदौर रहे. संचालन मुख्य समन्वयक जिनेश्वर जैन ने किया. आभार प्रकाश भटेवरा ने व्यक्त किया.

## परिचय सम्मेलन की प्रचार सामग्री लोकार्पण



इंदौर. मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा 25 से अधिक घटक समाजों के विधवा, विधुर, तलाकशुदा, दिव्यांग और 30 वर्ष से अधिक आयु के विवाह योग्य प्रत्याशियों के लिए रविवार 27 सितम्बर को रवीन्द्र नाट्य गृह में हो रहे परिचय सम्मेलन की प्रचार सामग्री एवं प्रविष्टी फॉर्म का लोकार्पण वरिष्ठ समाजसेवी एवं अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचन्द गोयल एवं दिनेश मित्तल के मुख्य आतिथ्य एवं शहर के वैश्य घटकों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में गीता भवन में आयोजित एक समारोह में किया गया. परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 690 प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं. मप्र वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी, नगर अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल, सम्मेलन संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिन्दल ने बताया कि नियमित बैठकों का सिलसिला शुरू हो चुका है। इस श्रृंखला में गुरुवार को गीता भवन में आयोजित बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल एवं दिनेश मित्तल ने सम्मेलन की प्रचार सामग्री एवं प्रविष्टी फॉर्म का लोकार्पण किया. इस अवसर पर शहर के वैश्य घटकों की ओर से विजय मेहता, हर्ष मेहता, निलेश अग्रवाल, हरीश विजयवर्गीय, अनिल तोडवाल, शक्तिनाथ गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सतीश गुप्ता, विशाल पोरवाल, अभिषेक मित्तल, मदनलाल गरोठवाले भी मौजूद थे.

## गैस्ट्रो और लिवर रोगों पर मंथन करेंगे विशेषज्ञ




इंदौर. अनियमित खानपान, फास्ट फूड की बढ़ती आदत, तनाव, मोटापा, धूम्रपान और शराब के बढ़ते सेवन के कारण देश में पाचन तंत्र और लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. समय पर जांच, सही उपचार और चिकित्सकों तक नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से 1 एवं 2 अगस्त को गट क्लब इंदौर के सहयोग एवं इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (आईएसजी), मध्यप्रदेश चैप्टर की वार्षिक बैठक के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की गैस्ट्रो अपडेट 2.0 कॉन्फ्रेंस का आयोजन मेदांता हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देशभर के वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट, एंडोस्कोपिस्ट और फिजिशियन आधुनिक उपचार पद्धतियों, नई तकनीकों और जटिल मामलों पर अपने अनुभव साझा करेंगे. ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन, गैस्ट्रो अपडेट 2.0 कॉन्फ्रेंस ने डॉ. हरि प्रसाद यादव, कहा कि गैस्ट्रो अपडेट 2.0 कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य इन नई तकनीकों और वैश्विक उपचार मानकों को चिकित्सकों तक पहुंचाना है, ताकि मरीजों को समय पर सही निदान और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके. डॉ. अरुण एस. भदौरिया, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, गैस्ट्रो अपडेट 2.0 कॉन्फ्रेंस ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले विशेषज्ञ नवीनतम गाइडलाइंस और अपने अनुभव साझा करेंगे, जिससे प्रदेश के चिकित्सकों को विश्वस्तरीय चिकित्सा ज्ञान का लाभ मिलेगा. डॉ. अतुल शेंडे, प्रेसिडेंट, गट क्लब इंदौर और डॉ. सोहिनी सरकार, सेक्रेटरी, गट क्लब इंदौर ने बताया कि गैस्ट्रो अपडेट 2.0 कॉन्फ्रेंस में देशभर से बड़ी संख्या में गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट, एंडोस्कोपिस्ट, फिजिशियन और युवा चिकित्सक भाग लेंगे.

## कम उम्र के ट्रस्ट के अध्यक्ष बने जयसिंह जैन



इंदौर. धार्मिक, सामाजिक एव पारमार्थिक आयोजनों में हमेशा बढ़-चढ़कर सहभागिता करने वाले जैन समाज के दानवीर भामाशाह जयसिंह जैन ने देश के जैन मंदिरों के ट्रस्टों में सबसे कम 41 वर्ष की उम्र में मनमोहन पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर एवं गुरु मंदिर ट्रस्ट, पार्श्वनाथ सोसायटी ट्रस्ट के अध्यक्ष बने, जो कि देश मे सबसे कम उम्र वाले अध्यक्ष हैं. इंदौर के साथ प्रदेश में नाम रोशन करने वाले जयसिंह को बड़ी संख्या में समाजजनों ने बधाई दी। समाजसेवी प्रकाश भटेवरा ने कहा कि पार्श्वनाथ भगवान के आशीर्वाद से जिनशासन की सेवा में उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए जयसिंह जैन ट्रस्ट का नाम रोशन करेंगे आपका समाज में योगदान अमूल्य है.

## सुरों की महफिल - गीत गाता चल का आयोजन 11 को

इंदौर. मालवा जर्नलिस्ट फोरम आगामी 11 अगस्त की शाम को 6 बजे गीत-संगीत की सुरीली महफिल सजाने जा रहा है. सुरों की इस पावन गंगा में श्रोता- बिरादरी को सदाबहार गीत सुनने को मिलेंगे. गीत गाता चल के नाम से यह संगीत कार्यक्रम रीगल तिराहा स्थित प्रीतमलाल दुआ सभागृह में सम्पन्न होगा. यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह थनवार एवं सचिव प्रवीण जोशी ने बताया कि संगीत संध्या गीत गाता चल में शहर के 20 से अधिक मीडियाकर्मी एवं कलाकार महान पार्श्व गायकों के सुपर हिट गीतों को अपना स्वर देंगे. इस आयोजन में शिक्षा, कला, समाज सेवा आदि क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां भी शामिल होगी. सुर, संगीत और साज से सजी यह महफ़िल पारिवारिक वातावरण एक यादगार शाम साबित होगी। कार्यक्रम के सूत्र सूत्रधार होंगे वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी. यह है सिंगर- सुरेश दुर्वे, विनेश खरे, सुधीर वर्मा, मयंक थनवार, अलीशा मैथ्यू, अनुमति शर्मा, मनीष शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, सुल्तान किरमानी, दिनेश दुर्वे, अश्विनी दीपक, सुमित मुस्ताफी, अभय तिवारी और रमेश कुशवाहा.

### नगर में आज

**अभंगवारी संगीत समारोह**

**समय**- शाम 7 बजे, **स्थान**- लाभ मंडपम्

**राखी फैशन एक्सपो**


**समय**- सुबह 12 से, **स्थान**- साकेत क्लब

# घर में बिल्ली, सड़क पर कुत्ते ... शहर में जानवरों के हमले से कोई स्थान सुरक्षित नहीं

## स्ट्रीट डॉग के बाद कैट बाइट भी बड़ी चुनौती, बंदर और चूहों के हमले के आंकड़े भी चौंकाने वाले, हजारों लोग पहुंचे इलाज के लिएनव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में जानवरों के हमलों का खतरा अब सिर्फ सड़कों तक सीमित नहीं रह गया है. बाहर निकलते ही स्ट्रीट डॉग के हमले का डर है तो घर और आसपास के इलाकों में बिल्ली के काटने की घटनाएं भी लोगों को अस्पताल पहुंचा रही हैं. स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़े बताते हैं कि कुत्तों के अलावा बिल्ली, बंदर और चूहों के हमले भी लगातार सामने आ रहे हैं. यानी इंदौरवासी न घर में पूरी तरह सुरक्षित हैं और न ही सड़क पर.**

स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड बता रहे हैं कि एनिमल बाइट के पिछले दिनों 4 हजार 930 मामले दर्ज हुए हैं, इनमें सबसे बड़ा खतरा डॉग बाइट का है. कुत्तों के हमले में 4 हजार 349 लोग प्रभावित हुए हैं. इनमें 2 हजार 633 पुरुष, 851 महिलाएं और 865 बच्चे शामिल हैं. आंकड़े बताते हैं कि हर उम्र के लोग स्ट्रीट डॉग के हमलों का शिकार हो रहे हैं. डॉग बाइट के बाद सबसे ज्यादा चिंता कैट बाइट के मामलों को लेकर है. बिल्ली के काटने के 361 मामले सामने आए हैं. इनमें 167 पुरुष, 124 महिलाएं और 70 बच्चे शामिल हैं. यह आंकड़े इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बिल्ली के काटने को कई लोग



सामान्य घटना मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि समय पर उपचार नहीं लेने पर संक्रमण का खतरा बना रहता है. जानवरों के हमलों की सूची में बंदर और चूहे भी पीछे नहीं हैं. बंदर के काटने के 73 मामलों में 26 पुरुष, 29 महिलाएं और 18 बच्चे प्रभावित हुए हैं. वहीं चूहों के काटने के 128 मामले सामने आए हैं, जिनमें 73 पुरुष, 43 महिलाएं और 12 बच्चे शामिल हैं. आंकड़ें बता रहे हैं कि पुरुषों की संख्या 2 हजार 906, महिलाओं की संख्या 1 हजार 50 और बच्चों की संख्या 974 रही है. यह स्थिति बताती है कि एनिमल बाइट अब सिर्फ किसी एक क्षेत्र या वर्ग की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने एक बड़ी चुनौती बन रही है.

### घरों के आसपास बढ़ा कैट बाइट का खतरा...

सड़क पर आवारा कुत्तों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन कैट बाइट के आंकड़े एक नए खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं. घरों के आसपास रहने वाली बिल्लियों के हमले भी लोगों को एंटी रैबीज उपचार तक पहुंचा रहे हैं. खासकर बच्चे खेलते समय या जानवरों के करीब जाने पर ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं.

### खतरे को रोका जा सकते है...

किसी भी जानवर के काटने के बाद उसे सामान्य नहीं लेना चाहिए. घाव छोटा होने पर भी तुरंत उपचार जरूरी है. समय पर एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने से संक्रमण के खतरे को रोका जा सकता है. बच्चों के मामलों में विशेष सावधानी रखने की जरूरत होती है.

- डॉ. आरके पटेल, लाल अस्पताल

## पटेल ब्रिज पार्किंग से एक्टिवा चोरी करने वाले को एक साल साल की सजा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पटेल ब्रिज के नीचे स्थित पार्किंग से एक्टिवा चोरी करने वाले आरोपी को न्यायालय ने एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रेखा तिवारी की अदालत ने आरोपी लखन भील को दोषी मानते हुए यह फैसला सुनाया. मामला सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र का है, अभियोजन के अनुसार सियागंज निवासी फरियादी नरेंद्र कमीशन एजेंट का काम करता है. 3 दिसंबर 2025 को वह रोजाना की तरह अपनी होंडा एक्टिवा एमपी 09 एसक्यू 3658 पटेल ब्रिज के नीचे सियागंज स्थित पार्किंग में खड़ी कर काम पर चला था. शाम करीब 8 बजे लौटने पर उसे पार्किंग में वाहन नहीं मिला. आसपास तलाश करने के बाद भी जब एक्टिवा नहीं मिली तो उसने सेंट्रल कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी लखन भील उम्र 45 साल निवासी इंदौर को गिरफ्तार कर चोरी किया वाहन बरामद किया. जांच पूरी होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया. सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए एक साल के सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया. प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी बसंती गिरवाल ने की. उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि वाहन चोरी के मामले में अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है.

## नशामुक्ति अभियान में इंदौर ने रचा इतिहास, तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए

### 563 कार्यक्रमों से 92 लाख लोगों तक पहुंचा संदेश, 1.75 लाख से अधिक लोगों ने ली ई शपथ

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए गए नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का गुरुवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में समापन हुआ. अभियान के दौरान इंदौर ने एक साथ तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर नया इतिहास रच दिया. समापन समारोह में पुलिस कमिश्नर ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया. पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अभियान के दौरान 563 जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, कॉलोनियों, बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया. इन आयोजनों से 92 लाख से अधिक लोगों तक प्रत्यक्ष रूप से संदेश



नशामुक्त समाज केवल पुलिस के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है. अभियान के दौरान समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया गया, जिसका परिणाम तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में सामने आया. उन्होंने कहा कि इंदौर पुलिस भविष्य में भी नशे के खिलाफ जनजागरूकता और प्रभावी कार्रवाई दोनों को लगातार जारी रखेगी.
- संतोष कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर

पहुंचा, जबकि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए यह अभियान करीब 13 करोड़ व्यूज तक पहुंचा. अभियान के दौरान इंदौर ने 8534 लोगों की मानव श्रृंखला, उतने ही लोगों को एक साथ पुलिस कमिश्नर द्वारा नशामुक्ति का व्याख्यान तथा 1,75,451 लोगों की ई शपथ के तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए. समारोह में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की प्रतिनिधि सुचिता शुक्ला और अपूर्वा मेनन ने पुलिस कमिश्नर को तीनों रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र सौंपे. समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, रंगोली, शॉर्ट फिल्म और रील्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं सहित अभियान में सहयोग देने वाले सामाजिक संगठनों, संस्थाओं और स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया.

## विश्व बाघ दिवस पर विद्यार्थियों ने लगाए 250 पौधे, समझा वन्यजीव संरक्षण का महत्व

### डेली कॉलेज के छात्रों ने किया पौधारोपण, वन विभाग ने डॉक्यूमेंट्री और नेचर ट्रेल के जरिए दी जैव विविधता की जानकारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. विश्व बाघ दिवस के मौके पर इंदौर वनमंडल ने पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए. देवगुराड़िया में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया, जबकि उमरीखेड़ा ईको पार्क में छात्रों को बाघ संरक्षण, जैव विविधता और जंगलों के महत्व की जानकारी दी गई.**



देवगुराड़िया में डेली कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने करीब 250 पौधे लगाए. वन अधिकारियों ने छात्रों को पौधों की देखभाल, उनके संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में पेड़ों की भूमिका के बारे में बताया. कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों और प्रकृति प्रेमियों ने भी हिस्सा लिया. इसके बाद उमरीखेड़ा ईको पार्क में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम रखा. यहां छात्रों को बाघों के प्राकृतिक आवास, वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई. इसके बाद उन्हें नेचर ट्रेल पर ले जाया गया, जहां वन अधिकारियों ने क्षेत्र में मौजूद विभिन्न पेड़-पौधों, औषधीय वनस्पतियों और वन्यजीवों के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, इंदौर वृत्त पी.एन. मिश्रा और वनमंडलाधिकारी लाल सुधाकर सिंह मौजूद रहे.

पीएन मिश्रा ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की. वहीं लाल सुधाकर सिंह ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, उनकी देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है.

### लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए...

विश्व बाघ दिवस का उद्देश्य लोगों को वन्यजीवों और जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है. पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सबसे अहम है. पौधारोपण तभी सफल होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए. विद्यार्थियों और आमजन की सहभागिता से प्रकृति संरक्षण के प्रयासों को और मजबूत किया जा सकता है.

-संगीता ठाकुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी, इंदौर

## पीपल्याहाना ब्रिज के पास बस ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, दोस्त घायल

**इंदौर.** तिलक नगर थाना क्षेत्र के पीपल्याहाना ब्रिज के पास तेज रफ्तार यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.शांति नगर मूसाखेड़ी में रहने वाले 24 वर्षीय राजा पिता भरत अपने दोस्त अमन के साथ बाइक से गया था. दोनों शराब लेकर वापस लौट रहे थे, तभी पीपल्याहाना ब्रिज के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमन गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया. तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बस चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है.

### बेकाबू कार टीन की टापरी में घुसी, दंपती घायल

**इंदौर.** लसूडिया थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी टीन की टापरी में घुस गई. हादसे में टापरी में मौजूद पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने कार जब्त कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. यह हादसा एमआर 3 पर हुआ, झोपड़पट्टी में रहने वाले 35 वर्षीय सुनील पिता मान सिंह राठौर ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी ललिता के साथ टापरी में मौजूद थे, तभी तेज रफ्तार कार नम्बर एमपी 09 जेडएच 3495 अनियंत्रित होकर टीन की चद्दर तोड़ते हुए अंदर घुस गई. हादसे में सुनील के हाथ पैर में चोट आई, जबकि पत्नी ललिता के सीने और पसलियों में गंभीर चोटें लगी हैं.



## सरकारी स्कूलों के बच्चों को अभ्यास पुस्तिकाएं भेंट

**इंदौर.** श्री अग्रवाल महासभा की ओर से मालवा मील क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढने वाले करीब 300 बालक-बालिकाओं को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महासभा के संस्थापक ब्रह्मलीन मिश्रीलाल गोयल की स्मृति में अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया.

इस अवसर पर महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल, उपाध्यक्ष मनीष जैन, महामंत्री अजय बंसल, सयोजक श्यामलाल गोयल, नवीन गोयल एवं राजकुमार गोयल सहित बड़ी संख्या में महासभा से जुड़े समाज बंधु एवं सहयोगीजन उपस्थित थे जिन्होंने आश्वस्त किया कि वे जब-जब जरुरत पड़ेगी बच्चों को न केवल अभ्यास पुस्तिकाएँ बल्कि पाठ्य पुस्तकें, स्कूल फीस, यूनिफार्म एवं अन्य शिक्षण सामग्री में भी हरसंभव मदद करेंगे. अभ्यास पुस्तिकाएँ मिलने के बाद बच्चों के चेहरों की खुशियाँ देखने लायक थी.

## लायंस क्लब इंदौर सनशाइन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**इंदौर.** ज्ञानी जी का खालसा ढाबा में इंटरनेशनल डायरेक्टर कुलभूषण मित्तल द्वारा सनशाइन क्लब के नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई गई. लायन कुलभूषण मित्तल ने सभी का उत्साहवर्धन किया व मार्गदर्शन भी दिया. लायन कुलभूषण जी ने पूर्व अध्यक्ष संगीता पाठक तथा रीजन चेयरपर्सन को मल्टीपल की पिन से नवाजा.



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीडीजी लायन अजय सिंह सेंगर तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी ने क्लब के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सनशाईन क्लब इंदौर डिस्ट्रिक्ट के उत्कृष्ट क्लबों में से एक क्लब है जिसकी चार्टर अध्यक्ष स्वर्गीय साधना सिंह द्वारा शुरुवात किए गए सेवा के प्रकल्पों को निरंतर पिछले आठ वर्षों से चला रहा है तथा कमजोर तबके की महिलाओं के लिए रोटी नहीं रोजगार तथा जहाँ जरूरत हो वहाँ सेवा जैसे कार्यों को सफलता पूर्वक कर रहा है. आज लायंस डिस्ट्रिक्ट से केबिनेट सेक्रेटरी अनिल मोदी, डिस्ट्रिक केबिनेट ट्रेजरार श्रवण त्रिपाठी, रीजन चेयर पर्सन आशमा मल्होत्रा, जोन चेयर पर्सन मोहन सिंह नरवरिया तथा डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टरी कॉर्डिनेटर मुरली अरोरा उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष संगीता पाठक ने नई अध्यक्ष ऋतु खन्ना को शुभकामनाओं के साथ की. अध्यक्ष ऋतु खन्ना ने उद्बोधन में अपने जुलाई माह के कार्यों का विवरण देते हुए आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा आने वाले समय में हम महिलाओं और बच्ची के स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा, गर्भवती एवं कुपोषित महिलाओं को दवाइयां व पोषण,पौधारोपण आदि पर कार्य करेंगे. दो छोटी बच्चियों आकृति शर्मा और अनाया शुक्ला द्वारा गणेश वंदना पर बहुत ही मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया. क्लब से विनय गुप्ता, अध्यक्ष ऋतु खन्ना, अर्चना शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संगीता पाठक, गरिमा मेहता, नीलम तोमर, सारिका शर्मा, जया गीते, पूजा जोशी, इंदु वर्मा, नेहा सिंह,महिमा करोड़िया, प्राची खरे के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थे. मंच संचालन शिखा साहू ने. आभार प्रदर्शन सचिव अर्चना शर्मा ने किया.

एक नजर में | सावन माह प्रारंभ, शहर में मंदिरों में विशेष श्रृंगार के साथ विभिन्न आयोजन हो रहे हैं

# जयघोष के बीच शुरू हो गई भगवान शिव की आराधना

**इन्दौर.** गुरुवार से सावन माह की शुरूआत हो गई. शहर के मंदिरों व शिवालयों में भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया और विशेष अराधना की गई. सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की दर्शनों के लिए कतारें लगी रही. पूरा शहर शिवमय नजर आया. पश्चिम क्षेत्र, पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर सावन के पहले दिन से सर्व मनोकामना सिद्धिप्रद अहर्निश लक्ष्य बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग का अनूठा आयोजन प्रारम्भ हुआ. देशभर से आए विद्वानों, आचार्यों और ब्राह्मणों के सानिध्य में पहली बार यह अनुष्ठान पूरे श्रावण मास में 28 अगस्त तक लगातार जारी रहेगा जिसमें प्रतिदिन भगवान भूतेश्वर का एक लाख बिल्व पत्रों से वैदिक विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया जा रहा है. इसके साथ ही मंदिर पर पूरे अष्टप्रहर अर्थात चौबीस घंटे लगातार



रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ, वैदिक मंत्रोच्चार एवं शिव आराधना का अखंड क्रम भी आज रात से गूंजने लगा है। अनुष्ठान के शुभारंभ प्रसंग पर रात्रि को समूचा मन्दिर परिसर और पंचकुइया क्षेत्र भगवान भूतेश्वर के जयघोष से गूंज उठा. सावन में ही 24 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे भगवान भूतेश्वर नगर का भ्रमण कर अपने भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे. भूतेश्वर महादेव मंदिर के पं. हरिशानंद तिवारी एवं पं. यतीन्द्र तिवारी ने बताया कि श्रावण मास में बिल्व पत्र अर्पण, रुद्राभिषेक तथा शिव नाम स्मरण का विशेष महत्व होता है. इसके लिए आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को मन्दिर पर मुख्य शिवलिंग के पास 7 और पार्थिव शिवलिंग स्थापित किए गए और आज रात से चौबीस घंटे (अष्टप्रहर) एक लाख बिल्व पत्रों से भगवान भूतेश्वर महादेव का अर्चन-पूजन शुरू हो गया है.

### गेंदेशवर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

सावन मास के शुभारंभ के साथ पारदेशीपुरा स्थित श्री गंडेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में गुरुवार सुबह से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया तथा भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की. मंदिर परिसर में



पूरे सावन माह के दौरान रुद्राभिषेक, शिव आरती, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा. मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की है. सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है.